Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजिटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 06-10-2021 | अंक 20

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्युज ब्रीफ

### बरही गया रोड में चलाया गया सफाई अभियान

**अपेम लाइव : बरही**

दुर्गा पूजा हिंदुओ का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। जिसमे साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी बात को देखते हुए गया रोड के दुर्गा पूजा के समिति के सदस्यों के द्वारा गया



रोड में सफाई अभियान चलाया गया। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि गया रोड में कचरा का अंबार लगा हुआ था, जिसे देखते हुए सफाई अभियान चलाया गया।

## छठ पूजा के पहले सूर्यमन्दिर निर्माण का कार्य होगा पूरा : राजसिंह चौहान

### सूर्यमंदिर निर्माण को लेकर डोर टू डोर भ्रमण कर ली जाएगी सहयोग राशि, बैठक में हुआ निर्णय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्राचीन छठ नदी घाट के पास बन रहे भगवान भास्कर की सूर्य मंदिर निर्माण का कार्य यद्धस्तर पर जारी है। बरहीडीह सहित आस पास के लोगों का सहयोग मिल रहा है। निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने के लिए श्रद्धालुओं की एक आवश्यक बैठक मंदिर प्रांगण में बुधवार को हुई। अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि रमेश ठाकुर एवं संचालन कैलाशपति सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी राजसिंह चौहान एवं पूर्व मुखिया शमशेर आलम मौजूद रहे। बैठक में सूर्यमंदिर निर्माण को लेकर सभी ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रद्धालुओं की एक कमेटी बनाकर सभी लोगों के घर जाकर सहयोग राशि ली जाएगी। सभी ने अपना अपना सहयोग राशि देने की घोषणा करते हुए छठ पूजा के पहले निर्माण कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया। राजसिंह चौहान ने कहा कि भगवान भास्कर की कृपा से सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य अवश्य पूरा होगा। इसके लिए आम हो या खास सभी को स्वेच्छा से अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करनी चाहिए। उन्होंने उन सभी के प्रति आभार प्रकट किया,



सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर बैठक करते ग्रामीण

जिन्होंने सूर्यमंदिर निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि सूर्यमंदिर बरही वासियों के लिए आस्था का केंद्र है। सभी का सहयोग अपेक्षित है। छठ पूजा के पहले निर्माण कार्य पूरा करने के प्रति हमलोग संकल्पित है। मौके पर कैलाशपति सिंह, भगवान केशरी, राज. कुमार केसरी, विक्की सिंह , आनंद कुमार सिंह, लोकेश ठाकुर , शमशेर आलम , नागेश्वर प्रजापति , अमित कुमार सिंह, पिंटू ठाकुर , नंदन प्रसाद केसरी , जीतू ठाकुर , सुरेश राणा, सुरेश सिंह, राकेश सिंह, विजय प्रजापति, चंदन पांडेय, कृपाल राणा, बबलू सिंह, सुखदेव सिंह , राहुल केसरी , सोनू मालाकार , टिंकू सिंह , धर्मेंद्र सिंह , मुकेश सिंह, रा. जवंशी सिंह, अमित सिंह शंकर राणा, रामचंद्र राणा, विक्रम पांडेय, आनंद प्रजा. पति, छोटू पांडेय, अजीत सोनी आदि लोग मौजूद थे

## पीपरघोघर में वैक्सीनेशन नही होने से ग्रामीण परेशान।

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत दुलमहा पंचायत के पीपरघोघर में वैक्सीनेशन नही होने से इस गांव के ग्रामीण काफी नाराज है। बताते चले कि पीपराघोघर बरही से काफी दूर है, जिसके कारण सभी लोग बरही अनुमंडलीय अस्पताल आने में सक्षम नही है।इस गांव के ग्रामीणों ने यह मांग किया है कि हमारे गांव में भी अन्य गाँवों की तरह शिविर लगाकर वैक्सीनेशन किया जाए।

विज्ञापन के लिए संपर्क करे
सोनु पंडित : संपर्क सूत्र
9550809864

APEM LIVE

## सैनिक ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभगरम्भ, उदघाटन मैच में क्रांति क्लब गैंडा ने बैरिसाल को एक गोल से हराया

### शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी सक़लदेव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय**



धोबियापहरी के भगत सिंह स्टेडियम में सैनिक ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । जिसमें उद्घाटन मैच बजरंग क्लब बैरीसाल बानाम क्रांति क्लब गैड़ा के बीच खेला गया । मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया सकलदेव यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि गणेश यादव, जीप प्रतिनिधि मो क्यूम अंसारी, ने फुटबॉल को किक मारकर किया। रोमांचक मुकाबले में क्रांति क्लब गैंडा ने बैरीसाल को एक गोल से हरा दिया। इस अवसर पर मुखिया सकलदेव यादव ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मान. सिक विकास के साथ साथ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करता है। ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियो के विकास के लिए खेल नीति जरूरी है। ग्रामीण खेल प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह का आयोजन जरूरी है। इससे ग्रामीण प्रतिभा की पहचान होती है। मौके पर भंडारो पंचायत समिति सदस्य प्रतिनधि प्रयाग यादव, कोलुवाकला पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मणिलाल यादव, मुखिया प्रत्याशी मंगलदेव यादव, समाज सेवी संजय यादव, कृष्णा यादव, पिपराडीह मुखिया धीरज कुमार, भंडारो पंचायत के युवा समाजसेवी पापु खान उर्फ सफीक खान, दिलीप यादव, रवि यादव, नागेश्वर यादव, विकास यादव, रामसेवक यादव सहित काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## ढाई लाख की लागत से बेलहरा में होगा छावनी युक्त चबूतरा का निर्माण

### मुखिया एवं जीप प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय**

विजैया पंचायत के बेलहरा में 249500 रुपये की लागत से छावनी युक्त चबूतरा का निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण मुखिया के 15 वीं वित्त से किया जा रहा है। छावनी उक्त चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को मुखिया दसरथ यादव, जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने नारियल फोड़कर किया। निर्माण कार्य संवेदक केदार यादव के द्वारा किया जाना है। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि बेलहरा गांव के विकास के लिए पंचायत की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि छावनी युक्त चबूतरा बन जाने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी।



चबूतरा निर्माण का शिलान्यास करते मुखिया एवं जीप प्रतिनिधि

बरसात में भी बैठने, ग्राम सभा करने तथा ग्राम स्तर पर पंचायत करने में सहुलियत होगी। कहा कि विजैया पंचायत पिछले पांच सालों में विकास की नई गाथा लिखा है। विकास के कई काम किए गए हैं। 15 वी वित्त से कई योजनाओ को धरातल पर उतारा गया है। इस कार्य मे मुखिया दसरथ यादव की भूमिका सराहनीय है। मौके पर उप मुखिया सहदेव शर्मा, समाज सेवी रघु मोदी, संवेदक केदार यादव परमेश्वर पंडित, केदार यादव ,रामेश्वर यादव आदि लोग मौजूद थे।

## आर्थिक शिक्षा ,वित प्रबंधन का प्रशिक्षण ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा : धीरज कुमार

**अपेम लाइवः चँदवारा**

पिपराडीह पंचायत सचिवालय में भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा डिपो. जिटर्स एवरनेस 2014 मनीवाइज सी.एफ.एल. कार्यक्रम (पैसों की सदुपयोगिता) का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय मुखिया(प्रधान) धीरज कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुखिया धीरज कुमार ने अपने सम्बोधन मे कहा कि जिस प्रकार ग्राम सभा और प्रखंड के बीच पूल का काम पंचायत सचिवालय करता है और आम जनमानस को अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मूलभूत समस्याओं का निदान करता है। ठीक उसी प्रकार मन. ीवाइज सी.एफ.एल. का है। उनका काम ग्रामीण और बैंक के बीच



प्रशिक्षण लेती महिलाएं

की दूरी को को कम कर आपसबों की समस्याओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक शिक्षा और वित्त प्रबंधन हमसबों के जीवन में बहुत जरुरी है। वहीं प्रशिक्षण में मुख्य रुप से मौजूद प्रशिक्षक सुजीत नायक व नकुल मोदी के ने बताया कि एक समय था कि लोग बैंक में खाता खोलने के लिए अपने साथ एक जिंदा आदमी (पहचान कर्ता) के साथ ,पैसा, दो पहचान पत्र आदि ले जाते थे। लेकिन आज बिना पैसे का मतलब जीरो बैलेंस पर खाता खुलता है पहचान कर्ता की जरूरत भी नहीं होती है। समय के साथ सरकर के पदाधिकारी गांव तक पहुंच कर लोगों को सरकारी लाभ पहुंच रहे है। सरकार अपने स्तर से खाता खुलने से लाभ, सरकार के सभी योजनाओं का लाभ व खाता के माध्यम से बचत करने के तरीके , डिजिटल बैंकिंग, कर्ज कहा से ले, सुरक्षित बीमा जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, जीवन ज्योति योजना , अटल पेंशन योजना और बच्चियों की शादी, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों. पर विस्तार से बताया। नकुल मोदी ने कहा कि श्हम आपके द्वारश मतलब आप सभी दीदी को बैंक से संबंधित समस्या जैसे-खाता खुलवाना, रिकरिंग डिपोजिट, सुकन्या समृद्धि योजना व अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपके घर तक सेवा देने के लिये है। मौके प्रतिमा वर्मा, मंजू देवी सहित भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

## बरही के रंजीत चन्द्रवंशी बनाए गए प्रदेश सह मीडिया प्रभारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को तीन नए प्रदेश पदाधिकारी को मनोनीत किया है। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार पत्र जारी करते हुए आदित्य साहू ने बताया कि बरही निवासी रंजीत चन्द्रवंशी को झारखंड प्रदेश का मीडिया सह प्रभारी बनाया गया है। वही मांडू के विधायक एवम झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल को प्रदेश मंत्री से प्रोन्नत करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। बालमुकुंद सहाय को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया है। मिस्त्री सोरेन पार्टी के प्रदेश मंत्री बनाये गए हैं। बरही के रंजीत चन्द्रवंशी को मीडिया सह प्रभारी बनाए जाने पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष



रंजीत चन्द्रवंशी

सहित प्रदेश टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दायित्व मुझे दिया गया है। उस दायित्व का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करेंगे। मीडिया सह प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व विधायक मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मनोज साव,अजय दुबे, अमित साहू, नवल सिंह, रितेश गुप्ता, अमित सिंह, प्रमोद सिंह, संजीव कटरियार, राजेन्द्र प्रसाद, नागेंद्र रजक, आदि ने बधाई दी है।

अपेम लाइव न्यूज़ में खबरें प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करे।
संपर्क सूत्र
7004315535, 9550809864, 9431129570

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

## दुलमाहा पंचायत से मुखिया पद के लिए कमल शंकर पंडित ने पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत दुलमहा निवासी कमल शंकर पंडित ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश कर दी है। उन्होंने बताया कि मैं पिछ्ले दस वर्षो से बिना लोभ लालच के अपने पंचायत के लोगो के लिए काम किया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि वर्तमान



कमल शंकर पंडित

मुखिया से जनता तरस्त है, उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी मन. मानी किया है। उन्होंने पंचायतवासीयों से अपील किया कि एक बार मुझे साथ दे, अगर मैं मुखिया बन जाता हूँ तो मैं सब के साथ मिलकर विकाश करूंगा, क्षेत्र में सामर्थ युवाओं के अनुसार रोजगार का व्यवस्था करेंगे, और खेल के हर क्षेत्र में युवाओ को मदद करेंगे।

## यादव समाज ने किशुन यादव से माता वैष्णो देवी जाने से पूर्व किया भेंट

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही पूर्वी के भावी जीप उम्मीदवार एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव से माँ वैष्णो देवी जाने से पूर्व सामंतो पेट्रोल पंप के पास किया भेंट । मोके पर अशोक यादव, जुगल यादव, जिबलाल यादव, जुगलकिशोर यादव, सहदेव यादव, मनोज यादव, रवि, दिनेश यादव, इंद्रदेव यादव, भुनेश्वर यादव, बलदेव यादव, रामचंद्र यादव, महादेव यादव, सूरजदेव यादव, ब्रह्मदेव यादव, महावीर यादव, राजकुमार यादव,अर्जुन यादव, अनिल साव, एवं रामदेव यादव शामिल रहे।




किशुन यादव के साथ यादव समाज के लोग

## तालाबंदी कर सरकारी कामकाज बाधित करने के आरोप में कोनरा मुखिया पत्नी सहित तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

पिछले चार अक्टूबर को कोनरा मुखिया मो ताजुद्दीन की पत्नी यास्मीन तब्बसुम की अगुवाई में प्रखंड कार्यालय का मुख्य गेट का ताला बंद कर सरकारी कामकाज बाधित करने के मामले में प्रभारी एमओ आज़ाद सिंह के आवेदन पर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।। दर्ज प्राथमिकी में कोनरा मुखिया मो ताजुद्दीन की पत्नी यास्मीन तब्बसुम, रुखसाना खातून एवं शारदा देवी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावे 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमे फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से आरोपियों को चिन्हित कर आरोपी की पहचान की जाएगी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि 4 अक्टूबर को बिना पूर्व सूचना के उपरोक्त आरोपियो के अलावे सैकड़ो लोग मुख्य गेट का ताला बंद कर दिए। जिससे सरकारी कामकाज बाधित रहा। ज्ञात हो कि कोनरा की महिलाओं ने राशन कार्ड नही बनाए जाने के विरोध में तालाबन्दी कर जमकर हंगामा मचाया था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मनरेगा में गति के लिए डहरभंगा में संध्या चौपाल

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**

**राजु यादव**

टाटीझरियाद्य मनरेगा में गति लाने के लिए बुधवार को डहरभंगा में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ शाइनी तिग्गा एवं बीपीओ राजमोहन वर्मा शामिल हुए। बैठक में लोगों को मनरेगा में बढ चढकर हिस्सा लेने की बात कही गई। इससे सं. बंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। बैठक में सुरेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार, चिंतामन कुमार, फातमा खातून, महफूज अंसारी व अन्य उपस्थित थे।



संध्या चौपाल में शामिल महिलाएं

## रसोइया धमना पंचायत से मो0 तौकिर वा मो0 तस्लीम ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

जैसे जैसे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे ही लोग पंचायत चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे है। रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही निवासी मो तौकिर एवं लस्करी निवासी मो तस्लीम इस पंचायत चुनाव में मुखिया उम्मीदवार के लिए अपना दावा पेश कर दिया है।



मो तस्लीम



मो तौकिर

## 7 नवंबर को होगा सलैया पैक्स चुनाव का मतदान

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**अजीत कुमार**

प्रखंड के कृषि साख सहयोग समिति ( पैक्स ) सलैया के चुनाव की तिथि घोषित कर दिया गया है। चुनाव की घोषणा जिला सहायक निबंधक सहयोग समिति के पत्रांक संख्या 536 के माध्यम से तिथि घोषित किया गया है। नामांकन की तिथि, प्रपत्र की जांच 26 अक्तूबर, नामांकन आपत्ति और वापसी 27 अक्तूबर, मतदान सात नवंबर को सलैया पैक्स समिति कार्यालय में होगी। चुनाव के लिए संजय कुमार यादव बीसीओ बरही को निर्वाचन पदाधिकारी, अशोक कुमार पाठक सहकारिता प्रसार पदा. धिकारी मुख्यालय अनुक. ल्पित निर्वाचन पदाधिकारी बनाए गए हैं।

## होने लगी पंचायत चुनाव की चर्चा, बरकट्ठा में कुल 17 पंचायतों में पंचायत का चुनाव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनील कुमार**

बरकट्ठा जैसे ही जिला प्रशासन के द्वारा जारी पंचायत चुनाव आरक्षण जारी होते ही चौक चौराहों विशेषकर चाय दुकानों पर जमकर चर्चा आरम्भ हो गयी है या यूं कहें कि भावी मुखिया जी अपनी गोलबंदी चालू कर दिए है जिला मुख्यालय द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के अनुसार बरकट्ठा प्रखण्ड के 17 पंचायतों में से 9 पंचायतों की कमान महिलाओं के हाथों में रहेगी बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चुगलामो अनारक्षित अन्य,बरकनगंगो पंचायत में अनारक्षित महिला, गैंडा पंचायत में अनारक्षित अन्य, बेडोकला पंचायत में पिछ्ड़ा वर्ग महिला, तुइयो पंचायत में अनुसूचित जाति अन्य, कपका पंचायत में पिछ्ड़ा वर्ग अन्य, गंगपाचो पंचायत में




अनुसूचित जाति महिला, गयपहाड़ी पंचायत में पिछ्ड़ा वर्ग महिला, सलैया पंचायत में पिछ्ड़ा वर्ग अन्य, झुरझुरी पंचायत में अनारक्षित अन्य, कोनहराखुर्द पंचायत में पिछ्ड़ा वर्ग महिला, चेचकपी पंचायत में अनारक्षित महिला, बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में अनारक्षित अन्य, बरकट्ठा उतरी पंचायत में पिछ्ड़ा वर्ग महिला, बेलकपी पंचायत में अनारक्षित महिला, शिलाडीह पंचायत अनारक्षित अन्य व गोरहर पंचायत में अनुसूचित जनजाति महिला के मुखिया पद के लिए आरक्षित किया गया है अब इस चुनावी समर में उतरने को लेकर प्रखण्ड के विभिन्न चौक चौराहे पर जमकर अड्डेबाजी हो रही है खाशकर बरकट्ठा के बंगाली होटल, पँचफेडी चौक, कपका चौक, बेडोकला चौक, तुर्कबाद चौक, गैंडा चौक बरकट्ठा ब्ल०क चौक, शिबू ढाबा में रात दिन मुखिया बनाने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है ।वही कुछ मुखिया अपने द्वारा किये गए विकास व जनकल्याणकारी कामो को गिना रहे है वही उसके प्रतिद्वंद्वी बाजार बना रहे है हम किसी से कम नही ।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, शांति व सौहार्द माहौल में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय

**अपेम लाइवः चौपारण**

**किशोर राणा**

पूरे प्रखंड में शांति, सौहार्द और खुशनुमा माहौल में दुर्गा पूजा मनाने के लिए थाना परिसर में बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा की अध्यक्षता व भाजपा नेता रा. जेश सहाय के संचालन में संपन्न हुआ। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने प्रखंड स्तर पर पूजा की तैयारी, पंडाल और मेला का आयोजन आदि पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारीयों ने सीसीटीवी के इस्तेमाल पर जोर दिया। सदस्यों ने गश्ती और शराबबंदी पर रोक लगाने की मांग की। बैठक मे इंस्पेक्टर रोहित सिंह, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो, जिप सदस्य रामस्वरूप पा. सवान, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया शंभू नारायण सिंह, शौकत खान, नरेंद्र सिंह, नरेश पासवान ,छोटु चंद्रवंशी, मो सफाल, अनिल बर्णवाल, राजेश सहाय, मो डब्लु, सीताराम बर्णवाल, अभिमन्यु भगत, मनोज सिंह, तस्लीम रजा, दीपक गुप्ता, बंटी साहु, रेवाली पासवान, शिव सिंह, भोला राणा, पंकज सोनी सहित अन्य मौजूद थे।



शांति समिति में शामिल अधिकारी वा अन्य

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांक: 06-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक, कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करने को लेकर की गई चर्चा

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**

**राजु यादव**

टाटीझरिया थाना परिसर में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ शाईनी तिग्गा ने किया। बैठक में समितियों द्वारा कोविड-19 का गाइ. डलाइन का पालन करने पर चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार शांतिपूर्वक व भाईचारा के वातावरण में पर्व मनाया जाए। मेला, पंडाल, तोरणद्वार, सांस्कृ तिक कार्यक्रम, जुलूस का आयोजन नहीं होना है। आयोजक समिति में 18 वर्ष से अधिक के कोरोना से बचाव का टीका लगाये हुए सदस्यों को ही शामिल रखने की बात कही गई। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग और पूजा करने वाले लोगों को मास्क का प्रयोग का अनुपालन करने को कहा गया। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत करते हुए प्रखंड क्षेत्र में नियमों का पालन करते हुए दुर्गापूजा मनाने की बात कही। बैठक में जिला परिषद सदस्य रवि कुमार सिंह, प्रमुख प्रति. निधि सुरेश यादव, प्रेमचंद गुप्ता, मथुरा साव, होपन सिंह, प्रदीप राम, राजेश यादव, संतोष मंडल, एएसआई ब्रह्मदेव यादव, विजय सिंह, संजय बैठा, गिरधारी यादव, जीतन यादव, गंगाधर मिश्रा, मो. क्यूम, लियाकत अंसारी, लादेन अंसारी, मनीष मिश्रा, चोलो प्रजापति, कौलेश्वर यादव, जग्रनाथ यादव, मुकेश मंडल, शंकर प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।



बैठक में शामिल अधिकारी वा पूजा समिति के सदस्य

## पर्यावरण जागरूकता साईकिल रैली का दूधमटिया में किया गया स्वागत, तेलियाबाट जंगल में किया गया वृक्षाबंधन

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**

**राजु यादव**

वन एवं पर्यावरण मेला टाटीझरिया-दूधमटिया के जागरूकता के लिए बुधवार को साईकिल रैली निकाली गई। इसमें साईकिल यात्रा से वन्यप्रेमी हजारीबाग और धरमपुर से दूधमटिया पहुंचे। दूधमटिया पहुं. चने पर पर्यावरण प्रेमियों का जोरदार स्वागत वन्य प्राणी सुरक्षा समिति और ग्रामीणों द्वारा किया गया। सा. ईकिल यात्रा में दिनेश खंडेलवाल, समीर, मुकेश कुमार साव, चंदन ठाकुर, बबलू प्रजापति, खेमलाल महतो, मूलचंद ठाकुर, विकास कुमार, राहुल कुमार, रीषी कुमारी, अंकित कुमार, टेकलाल आदि लोग शामिल हुए। स्वागत करनेवालों में महादेव महतो, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, परमेश्वर प्रसाद यादव, शैलेश सिंह, जगदीशचंद्र यादव, छक्कन गोप, दिगंबर सिंह, शम्भू सिंह, चोलो प्रजा. पति, कौलेश्वर यादव समेत अन्य शामिल थे। जागरूकता यात्रा का स्वागत रास्ते में जगह-जगह पर किया गया। बुधवार को वन समिति के द्वारा दूधमटिया से सटे तेलियाबाट जंगल में वन देवी की पूजा-अर्चना कर और वृक्षों को रक्षासूत्र बांधकर वन बचाने का संकल्प लिया।

**दूधमटिया में 27वीं वर्षगांठ कल,** सादगी से होगा वृक्षाबंधन आज दूधमटिया वन वृक्षाबंधन का 27वीं वर्षगांठ कोरोना के कारण सादगी से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी समिति एवं वन विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई है। सुबह वनदेवी व दरख्तों की पूजा और मौन धारण किया जाएगा। उसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा अ०नलाईन गीत-संगीत, पेंटिंग कला का कार्यक्रम रखा गया है। पिछले साल की तरह इस बार भी कोविड-19 की सरकारी गाइडलाइन के कारण मेला और मंच का कार्यक्रम नहीं रखा गया है।


साईकल रैली में शामिल लोग

## ज्ञानाम्बुद बने उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चानो के प्रभारी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथलेश कुमार बर्मन**

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के आलोक में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चानो के प्रभारी प्रधानाचार्य पुनः ज्ञानाम्बुद बनाए गए। पूर्व प्रभारी संजय कुमार ने विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय का सम्पूर्ण प्रभार नए प्रभारी ज्ञानाम्बुद को सौंपा। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने नए प्रभारी को बधाई देते हुए इनके पूर्व के कार्यकाल की सराहना करते हुए विद्यालय को पुनः विकास के रास्ते पर ले जाने की आस जताई। बता दें कि ज्ञानाम्बुद ने विद्यालय को पूर्व से ही एक नई दिशा दी है। उन्होंने सभी शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास से और बेहतर करने की बात कही।




## दशहरा में मेला एवं प्रसाद वितरण पर रहेगी पाबंदी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथलेश कुमार बर्मन**

इस बार दशहरा में मेला का आयोजन तथा प्रसाद के वितरण पर पूर्णरूपेण पाबंदी रहेगी। इसके अलावा प्रतिमा का आकार पांच फीट से अधिक नहीं रखना होगा। यह निर्णय विष्णुगढ़ थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ रामबालक कुमार एवं संचालन थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने किया। बैठक में पुलिस प्रशासन पूजा आयोजक के अलावा दोनों संप्रदाय के कई लोग मौजूद थे। सीओ ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहार को सादगी से मनाएं। त्योहारों को महामारी के प्रसार का वाहक नहीं बनाना है। बीडीओ ने पूजा पण्डाल के आयोज. कों को परिसर में चार सीसीटीवी कैमरे लगाने, पण्डाल के लिए अगि. नशामक, बिजली आदि का एनओसी लेते हुए थाना को सौंपने की बात कही। उन्होंने असमाजिक तत्वों एवं साम्प्रदायिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट के लेकर सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिए। बैठक में कई लोग मौजूद थे।


विष्णुगढ़ में शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग

## दर्जिचक के ग्रमीणों ने विभागीय लापरवाही का लगाया आरोप

## करमा पंचायत के वोटर का नाम पडरिया पंचायत में चढ़ा दिया गया

**अपेम लाइवः चौपारण**

**किशोर राणा**

करमा पंचायत अंतर्गत दर्जिचक के दर्जनों ग्रामीणों ने मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव के सहयोग से चौपारण बीडीओ को एक लिखित आवेदन देकर विभागीय लापरवाही का लगाया आरोप। आवेदन में बताया गया है कि ग्राम दर्जिचक पंचायत करमा के अंतर्गत आता है। पर विभाग के द्वारा मतदाताओं के नाम पडरिया पंचायत के इंगुनिया में जोड़ दिया गया है। जिस कारण से आगामी होने वाले पंचयात चुनाव में दर्जिचक के ग्रामीण अपने पंचायत करमा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह जाएंगे जो कि एक मतदाता के मौलिक अधिकार का हनन होगा। वहीं मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव ने भी उक्त समस्या को गम्भीरता से लेते हुए अतिशीघ्र मतदाताओं का नाम करमा पंचायत के मतदाता सूची में जोड़ने की मांग की है। आवेदन में तापेश्वर गुप्ता, अर्जुन साव ,लखन यादव , पिंटू कुमार गुप्ता, गौतम कुमार गुप्ता, दिनेश्वर साव,शकुंतला देवी सहित पचास से अधिक मतदाताओ के हस्ताक्षर हैं




## फुटबॉल खेल से शारीरिक मज़बूती के साथ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है : कृष्णा

### अखण्ड ज्योति क्लब मदनगुण्डी की ओर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**अपेम लाइवः चँदवारा**

**धीरज कुमार**

अखंड ज्योति क्लब मदन गुंडी द्वारा आयोजित नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बुधवार को उरवाँ एवं गुमो के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल किए। अंततः मैच का परिणाम अंधेरा के कारण नहीं आ सका और उद्घाटन मैच बराबरी पर समाप्त हुआ । इसका री मैच अगले दिन खेला जाएगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन युवा नेता कृष्णा यादव, मदनगुंडी उप मुखिया महेश यादव एवं मदन गुंडी के तमाम गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । निर्णायक की भूमिका में मनोज यादव, सुधीर यादव एवं भुवनेश्वर यादव रहे मैच को सफल बनाने में अखंड ज्योति एवं सरस्वती क्लब के सदस्य विक्की यादव, अजीत यादव, वीरेंद्र प्रभाकर, सुधीर यादव, मदन यादव, सकलदेव यादव , पिंटू यादव, संदीप यादव, विनोद यादव, विजय यादव, अभिषेक यादव एवं अखंड ज्योति क्लब एवं सरस्वती क्लब के सदस्यों का अहम योगदान रहा। उद्घाटन समारोह का संचालन उदय पंडित के द्वारा किया गया।



खिलाड़ियों के साथ समाजसेवी कृष्णा यादव

## 36 वें थाना प्रभारी के रूप में स्वपन महतो ने चौपारण थाना में दिया योगदान,संभाला कार्यभार

**अपेम लाइवः चौपारण**

**किशोर राणा**

हजारीबाग एसपी के आदेशानुसार निर्वतमान थाना प्रभारी बिनोद कुमार तिर्की के स्थान पर पुलिस केंद्र पदस्थापित सब इंस्पेक्टर स्वपन कुमार महतो को चौपारण थाना प्रभारी के रूप में किया पदस्थापन। पदस्थापन के दूसरे दिन ही स्वपन कुमार महतो ने बिनोद तिर्की से पदभार ग्रहण कर चौपारण थाना में योगदान दे दिया। बुधवार को विधिवत रूप से चौपारण थाना का कमान संभाल कर स्वपन कुमार महतो ने कहा कि कानून ब्यवस्था को बनाए रखना, आपराधिक गतिविधियों पर रोक, समाज में ब्याप्त असामाजिक कार्यो पर प्रहार करने के लिए सामाजिक जागरुकता के साथ जनता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं गैर सरकारी संघठ्नो के बीच समन्वय स्थापित कर उनके सहयोग से कार्य करेंगे। कहा अवैध कार्यो पर अंकुश लगाना हमारी प्राथमिकताओ में शामिल होगा। थाना प्रभारी ने कहा कि बिनोद तिर्की का कार्य सराहनीय रहा इनके कार्यो को आगे तक ले जाऊंगा।


स्वपन कुमार महतो

## अज्ञात लोगों ने घर के बाहर खड़ी अल्टो कार में लगाई आग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथलेश कुमार बर्मन**

रात में घर के बाहर खड़ी अल्टो कार में अज्ञात लोग आग लगाकर फरार हो गए। घटना प्रखंड के मड़मो पंचायत अंतर्गत चटकरी गांव का है। इसे लेकर अल्टो कार मालिक इंदद्रेव महतो पिता प्रसादी महतो ने बताया कि प्रत्येक दिन की भांति घर के बाहर कार (जेएच10एम 5960) खड़ी थी। इसी बीच मंगलवार की रात लगभग 12 बजे अज्ञात लोग कार में आग लगाकर फरार हो गए। जब कार धू-धूकर जलने लगी तो पड़ोसियों ने हो-हल्ला किया। आसपास के जुटे ला. गों की मदद से कार में लगी आग पर काबू पाया गया। बताया कि अज्ञात लोग पहले कार के शीशा को पत्थर से तोड़ दिया और ज्वलनशील पदार्थ डालकर कार को आग के हवाले कर चलते बने। इसके पूर्व भी उसी गांव में एक वाहन में आगजनी की गई थी। पीड़ित कार मालिक ने इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाने को दी है।


जली हुई अल्टो कार

## क्विक हिल कंपनी ने एलएनजेपी आई हॉस्पिटल को दिया अम्बुलेंस की सौगात

**अपेम लाइवः चौपारण**

**किशोर राणा**

देश के नामी सॉफ्टवेयर कंपनी क्विक हिल ने चौपारण में एनबीजेके द्वारा संचालित लोक नायक जेपी आँख अस्पताल को दिया अम्बुलेंस की सौगात। अस्पताल परिसर से अम्ब. ुलेंस को हरी झंडी दिखाकर क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महराष्ट्र के अजय सिरके व संस्था के सचिव सतीश गिरजा ने रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिरके ने कहा कि उम्मीद करता हूँ कि यह एम्बुलेंस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। संस्था के सचिव सतीश गिरिजा ने क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये एक महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। जिसका उपयोग लोक कल्याण के लिए किया जाएगा और हॉस्पिटल में आये मरीज़ों की सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से नव भारत जागृति केंद्र के सतीश गिरिजा, डॉ आलोक कुमार, गंधर्व गौरव, बीरेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार पूरी विकान्त सिंह एवं लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के सभी कर्मी उप. स्थित थे।



डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी